दैनिक भास्कर 07/04/2024

सिटी स्पोर्ट्स

जीएमएन कॉलेज में 54वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता कराई

बलजिंदर को बेस्ट एथलीट का खिताब

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में शनिवार को प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन मे खेलकूद विभाग, एनसीसी, वाईआरसी, वुमन सैल, एनएसएस के संयुक्त सहयोग में 54वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता कराई गई। प्रिंसिपल ने ध्वजारोहण और मंच संचालन डॉ. अमित ने किया।

पुरुष वर्ग में बलजिंदर व महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने बेस्ट एथलीट का खिताब हासिल किया। प्रिंसिपल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार व अन्य विभाग के टीचर्स को बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज से डॉ. सीमा कंसल, डॉ. एसएस नैन, डॉ. एसके पांडे, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कृष्ण पूनिया, राजेंद्र देशवाल, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. मीनू राठी, डॉ. अमिता, डॉ. कमलेश, डॉ. नीना, डॉ. पिंकी, डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. नीलम, डॉ. उपिंदर कौर, डॉ. मंजीत कौर मौजूद रहे।

शॉट पुट में संजना प्रथम

- पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में बलजिंदर सिंह पहले, सुमित कुमार दूसरे, पंकज और समीर ने संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।
- महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में रुचि भट्ट ने पहला, अवनीत ने दूसरा, रमणी और कृतिका ने तीसरा स्थान पाया।
- पुरुष वर्ग लॉन्ग जंप में बलजिंदर प्रथम, पंकज दूसरे, अमनदीप तृतीय रहा।
- पुरुष वर्ग शॉट पुट में अमनदीप ने पहला, नीतीश ने दूसरा व गौतम तृतीय रहा।
- लॉन्ग जंप (महिला वर्ग) में रुचि भट्ट ने पहला, संजना राठौर ने दूसरा व कृतिका ने तीसरा स्थान पाया।
- महिला वर्ग शॉट पुट में संजना ने पहला, भारती ने दूसरा व आक्षी ने तीसरा स्थान पाया।